महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय
Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1996, (1997 का क्रमांक 3) के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय
[A Central University established by Parliament by Act No. 1996 (3 of 1997)]

आज़ादी का अमृत महोत्सव

कादर नवाज़ ख़ान
KADAR NAWAZ KHAN
कुलसचिव
REGISTRAR

दूरभाष/Phone: +91 7152 230902
registrar@mgahv.in

पत्रांक : 003 / 2003 / का.आ. / 02–86 / 2023
दिनांक **14.09.2023**

कार्यालयादेश

गांधी जयंती के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के संबंध में दिनांक 11 सितंबर 2023 को अपराह्न 05:30 बजे माननीय कुलपति की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया था। बैठक में लिये गये निर्णय के अनुसार 26 सितंबर 2023 से 02 अक्टूबर 2023 तक गांधी जयंती सप्ताह मनाया जायेगा, जिसमें विश्वविद्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा।

गांधी जयंती सप्ताह में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों तथा इसके सुचारू संचालन हेतु कार्यक्रम संयोजक, सहसंयोजक, सदस्यों एवं संबंधित अधिकारी / विभाग को नामित किया गया है, जिसका विवरण निम्नानुसार है–

1. **26 सितंबर 2023, प्रातः 07:30** बजे से – **स्वच्छता अभियान**
विश्वविद्यालय के विद्यापीठों, छात्रावासों तथा परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया जायेगा, जिसका संचालन विद्यापीठ के अधिष्ठाता, छात्रावासों के अधीक्षकों तथा परिसर के सहायक कुलसचिव के मार्गनिर्देशन में किया जायेगा।

2. **26 सितंबर 2023, अपराह्न 03:00 बजे से – चित्र प्रदर्शनी**
'गांधी जीवन दर्शन' पर आधारित चित्र प्रदर्शनी का आयोजन 26 सितंबर से 02 अक्टूबर 2023 तक (07 दिन) अटल बिहारी बाजपेयी भवन में किया जायेगा, जिसके संयोजक डॉ. ओमप्रकाश भारती, विभागाध्यक्ष, प्रदर्शनकारी कला विभाग रहेंगे।

3. **26 सितंबर 2023, अपराह्न 03:00 बजे से – निबंध प्रतियोगिता**
'वर्तमान समय में गांधी जी के विचारों की प्रासंगिकता' विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन साहित्य विद्यापीठ में किया जायेगा, जिसके संयोजक प्रो. अवधेश कुमार, अधिष्ठाता, साहित्य विद्यापीठ रहेंगे।

4. **26 सितंबर 2023, अपराह्न 04:00 बजे से – प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता**
प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन कस्तूरबा सभागार में किया जायेगा, जिसके संयोजक डॉ. राकेश कुमार मिश्र, अध्यक्ष, गांधी एवं शांति अध्ययन विभाग तथा सदस्य डॉ. मनोज कुमार राय, डॉ. चित्रा माली, डॉ. अमित राय, डॉ. जयंत उपाध्याय रहेंगे। प्रतियोगिता का आयोजन सेवानिवृत्त प्रोफेसर नृपेन्द्र प्रसाद मोदी के मार्गनिर्देशन में किया जायेगा। उक्त प्रश्नोत्तरी में 100 प्रश्न रहेंगे।

5. **27 सितंबर 2023, पूर्वाह्न 10:00 से सायं 05:00 बजे तक – चित्रकला प्रतियोगिता**
चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन अटल बिहारी बाजपेयी भवन में किया जायेगा, जिसके संयोजक डॉ. रविन्द्र टी. बोरकर, निदेशक, दूरशिक्षा तथा सहसंयोजक डॉ. शैलेश मरजी कदम रहेंगे। यह चित्रकला प्रतियोगिता केंद्रीय विद्यालय, वर्धा एवं विश्वविद्यालय के

कादर नवाज़
14/09/23

शिक्षकों/अधिकारियों/कर्मियों के बच्चों के लिए रहेगी। चित्रकला के लिए ड्राइंग शीट विश्वविद्यालय द्वारा दी जायेगी, शेष सामग्री बच्चों को स्वयं लानी होगी।

6. **27 सितंबर 2023, पूर्वाह्न 10:00 से सायं 05:00 बजे के मध्य – बाह्य गतिविधि**
वर्धा स्थित डॉ. आंबेडकर छात्रावास के 26 विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय का शैक्षणिक भ्रमण करवाया जायेगा तथा उच्चशिक्षा से संबंधित जानकारी दी जायेगी। ये सभी विद्यार्थी चित्रकला प्रतियोगिता में भी सम्मिलित होंगे। विद्यार्थियों को छात्रावास से लाने तथा ले जाने की तथा जलपान की व्यवस्था विश्वविद्यालय की ओर से की जायेगी। इस कार्यक्रम के **संयोजक** श्री बी. एस.मिरगे, जनसंपर्क अधिकारी रहेंगे।

7. **27 सितंबर 2023, अपराह्न 03:00 बजे – वाद–विवाद प्रतियोगिता**
वाद–विवाद प्रतियोगिता का विषय **'सदन की राय में अहिंसा से ही विश्व शांति संभव है'** रहेगा, जिसके संयोजक डॉ. सुरजीत कुमार सिंह, प्रभारी, डॉ. भदंत आनंद कौसल्यायन बौद्ध अध्ययन केंद्र रहेंगे।

8. **29 सितंबर 2023, पूर्वाह्न 11:00 से 12:00 बजे – घोष वाक्य (Slogan) प्रतियोगिता**
स्लोगन प्रतियोगिता विश्वविद्यालय के शोधार्थियों/विद्यार्थियों के लिए रहेगी, जिसके संयोजक प्रो. बंशीधर पाण्डेय, निदेशक, वर्धा समाज कार्य संस्थान रहेंगे।

9. **02 अक्टूबर 2023, प्रातः 09:00** बजे से गांधी हिल्स पर **सर्वधर्म प्रार्थना** से गांधी जयंती का शुभारंभ होगा, इसके उपरांत गांधी हिल्स पर ही प्रातः **09:20 से 10:00 बजे तक सभी धर्मों की पृथक–पृथक प्रार्थना** की जायेगी। इस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण लीला विभाग द्वारा किया जायेगा। कार्यक्रम का **संयोजन/संचालन** सेवानिवृत्त प्रो नृपेंद्र प्रसाद मोदी द्वारा किया जायेगा। प्रार्थना के उपरांत मिठाई का वितरण किया जायेगा।

10. **02 अक्टूबर 2023, अपराह्न 03:00 बजे से : दो–दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी**
गांधी एवं शांति अध्ययन विभाग द्वारा **'ज्ञान, शांति, मैत्री और गांधी'** विषयक दो–दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जायेगा, जिसके **संयोजक** डॉ. राकेश कुमार मिश्र, **सहसंयोजक** डॉ. मनोज कुमार राय तथा **सदस्य** डॉ. चित्रा माली, डॉ. अमित राय, डॉ. जयंत उपाध्याय, डॉ. शंभु जोशी, डॉ. किरण कुंभरे, डॉ. राकेश फकलियाल रहेंगे।

11. विश्वविद्यालय के **प्रयागराज क्षेत्रीय केंद्र** एवं **कोलकाता क्षेत्रीय केंद्र** 26 सितंबर 2023 से 01 अक्टूबर 2023 तक **व्याख्यान श्रृंखला का आयोजन करेंगे।** इस हेतु दोनों क्षेत्रीय केंद्र प्रस्ताव यथाशीघ्र कुलसचिव कार्यालय को प्रस्तुत करेंगे।

गांधी जयंती के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के संयोजकों को कार्यक्रम फोटोग्राफ्स व वीडियो लीला प्रभारी को भेजेंगे। लीला प्रभारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर एक अलग पेज बनाकर इन फोटोग्राफ्स व वीडियो को सक्षम प्राधिकारी के निर्देशानुसार अपलोड करेंगे।

26 सितंबर 2023 से 02 अक्टूबर 2023 तक आयोजित होने वाले कार्यक्रमों हेतु आवश्यक सामग्री व संसाधनों की सूची व्यवस्था हेतु परिसर विभाग एवं भंडार एवं क्रय विभाग को उपलब्ध करायेंगे।

क़ादर नवाज़
14/09/23

सोशल मीडिया चैंपियन गांधी जयंती सप्ताह में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों से जुड़े समस्त संयोजकों, सहसंयोजकों, सदस्यों एवं संबंधित शिक्षकों/अधिकारियों का व्हाट्सअप ग्रुप बनायेंगे, जिससे कार्यक्रमों के सुचारू संचालन में सुविधा हो।

उक्त आदेश कार्यालयादेश सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के उपरांत जारी किया जाता है।

क़ादर नवाज़
(कुलसचिव) 14/09/22

प्रति : संबंधित सभी।

प्रतिलिपि,

1. माननीय कुलपति कार्यालय
2. वित्ताधिकारी कार्यालय
3. समस्त विद्यापीठ के अधिष्ठाता
4. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण प्रकोष्ठ
5. कुलानुशासक
6. क्षेत्रीय केंद्र प्रयागराज
7. क्षेत्रीय केंद्र कोलकाता
8. सहायक कुलसचिव, प्रशासन एवं स्थापना विभाग
9. सहायक कुलसचिव, भंडार एवं क्रय
10. सहायक कुलसचिव, परिसर एवं परिवहन विभाग
11. सहायक कुलसचिव, वित्त विभाग
12. जनसंपर्क अधिकारी
13. लीला प्रभारी
14. रक्षित पत्रावली